
## एक नजर में

### आज भक्ति भाव से मनेगा मोमाई माता स्थापना दिवस

**खरगोन, निप्र।** पाल क्षत्रिय गड़रिया समाज की कुल देवी मोमाई माता स्थापना 28 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। पाल क्षत्रिय गडरिया समाज अध्यक्ष अजय पाल ने बताया कि मोमाई माता मंदिर में प्रातः 5 बजे से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद नवनिर्मित मोमाई माता द्वार से भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी। शोभायात्रा गडरिया मंदिर, तालाब चौक, दांगी मंदिर, पहाड़सिंह पुरा, तवड़ी चौक, गडरिया मोहल्ला होते हुए माता मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान शोभा यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठन, सकल हिंदू समाज के द्वारा स्वागत- सत्कार किया जाएगा। माता मंदिर पर शोभायात्रा का यात्रा का समापन होगा। यात्रा समापन के बाद 12 बजे से समाज जनों के लिए भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।



### पीएम आवास मल्टी पार्किंग में लगी आधा दर्जन बाइकें जलकर हुईं खाक



**खरगोन, निप्र।** शहर के टेमला रोड़ स्थित पीएम आवास बिल्डिंग में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे उस वक्त भगदड़ मच गई, जब पार्किंग में लगी बाईकें धूं-धूंकर जल उठी। रहवासी अंशु शर्मा ने बताया उनकी दो बाईकें, रवि धामड़ ने बताया उनकी दो बाईक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसी तरह कमल दुधे की दो बाईकों का अगला हिस्सा जला। श्रीमती पिंकी शर्मा, लीलाबाई ने बताया कि रात करीब ढाई बजे धुआं घरों में घुसा। सांस लेने में तकलीफ होने पर नीद खुली। घर का दरवाजा खोला तो पूरा बिल्डिंग धुएं से भरा हुआ था। देखते ही देखते बिल्डिंग में रहने वाले सभी 12 फ्लैट के रहवासी बाहर निकले और आग बढ़ती देख जान बचाने के लिए दूसरी मल्टी की ओर भागे। आगजनी के अलग-अलग कारण बताए जा रहे है। किसी ने शार्ट- सर्किट तो किसी ने आग लगाने का आरोप लगाया है। रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका ने यहां बसाहट तो कर दी, लेकिन साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की कोई परवाह नही की जाती। कई बार चोरी, आगजनी जैसी घटनाएं हो चुकी है।

### हड़ताल पर रहे खाद-बीज व्यापारी, लंबित मांगों के समर्थन में बंद रखें प्रतिष्ठान



**खरगोन, निप्र।** अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को कृषि आदान व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई। कृषि आदान विक्रेता संघ के आह्वान पर जिलेभर में प्रतिष्ठान बंद रखे। खाद- बीज, कीटनाशक की बिक्री पर पूरी तरह रोक रही। व्यापारी सुबह सब्जी मंडी पार्क में एकत्रित हुए। यहां से बाईक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट एवं विधायक कार्यालय पहुंचे। अलग- अलग ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी जायज मांगों पर ध्यान नही दिया गया तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल को बाध्य होंगे। संघ के प्रदेश पदाधिकारी विनोद जैन, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चावला ने बताया कि पिछले एक दशक से लगातार अपनी समस्याएं उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

**यह हैं मांगें :-** उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की कि जा रही टेंकिंग बद की जाए। खाद की आपूर्ति सीधे विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित करें। परिवहन लागत का बोझ व्यापारियों पर न डालें। उर्वरकों पर न्यूनतम 8 प्रतिशत मार्जिन तय करने की मांग भी उठाई गई है। इसके अलावा सैंपल फेल होने पर संबंधित फर्म को दोषी बनाने एवं विक्रेता को गवाह बनाए जाने की मांग की। व्यापारियों ने साथी पोर्टल को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक बनाने की मांग रखी है। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल है।

### कलेक्टर ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पंजीयन कार्य की समीक्षा के दौरान बडवाह विकासखंड के कार्य को सराहनीय बताया गया। वहीं भगवानपुरा, शहरी क्षेत्र खरगोन एवं झिरन्या में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर मित्तल द्वारा गर्भवती माताओं की पृथक बैठक आयोजित कर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के उपचार प्रबंधन को 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए समस्त बीएमओ को निर्देशित किया गया कि एएनएम-वार पहचान कर जांच एवं उपचार की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बडवाह एवं भीकनगांव विकासखंड को एक-एक पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे मरीजों को समय पर जांच व उपचार में सुविधा मिलेगी। बैठक में जिले में कुल 69 प्रसव केंद्रों की क्रियाशीलता की समीक्षा करते हुए समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रसव केंद्र के रूप में सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। कानापुर, मर्दाना, नागझिरी में डिलेवरी प्वाइंट प्रारंभ करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में मातृ मृत्यु समीक्षा के अंतर्गत जिला चिकित्सालय खरगोन में प्रसव उपरांत मृत्यु के प्रकरण पर संबंधित चिकित्सकों को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा 108 एम्बुलेंस के सुचारू संचालन के लिए 108 कोऑर्डिनेटर को सख्त हिदायत दी गई। बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कसरावद एवं महेश्वर विकासखंड में पूर्ण टीकाकरण कवरेज कम पाए जाने पर कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम लोदी, खेड़ा, न्यू टीमरनी, ढसलगांव, तितरान्या, दामखेड़ा, मोठापुरा तथा शहरी क्षेत्र खरगोन के वार्ड क्रमांक 25 में टीकाकरण प्रतिशत कम होने पर विशेष टीम बनाकर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में युविन पोर्टल पर ओवरड्यू प्रकरण अधिक पाए जाने पर टीकाकरण दिवस के दिन ही समस्त प्रविष्टियां पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश जिले के समस्त बीएमओ एवं शहरी नोडल अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, लेखा एनएचएम, डीसीएम, उपयंत्री, 108 नोडल अधिकारी सहित ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी, सहयोगी संस्थाएं संकल्प, अंतरा फाउंडेशन, नूरा हेल्थ एवं जपईगो आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गौ हत्या बंद करो . . . के लगाए नारे, सौंपा ज्ञापन

## गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर गौसेवकों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने,गौवंश हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौसेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू करने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर देशभर में 27 अप्रैल को व्यापक स्तर पर 'गौसम्मान आह्वान अभियान 'के तहत ज्ञापन दिया गया। इसी कड़ी में खरगोन में भी गोसेवकों ने सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

अभियान के तहत आज देशभर में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौपे गए। ज्ञापन के साथ गौसेवकों ने अभियान के समर्थन में करीब 50 हजार



हस्ताक्षर किये हुए पत्रक भी तहसीलदार को सौंपे। गौसेवकों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा, देशभर में गोवंश हत्या पर सख्त प्रतिबंध, गौसेवा हेतु एक सशक्त केंद्रीय कानून, तथा गोचर बोर्ड का गठन कर गौआधारित कृषि को सुनिश्चित करना शामिल है।

**गौमाता की अगुवाई में निकाली रैली, दिया ज्ञापन :-** ज्ञापन रैली सुबह 10 बजे श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर किला गेट से सराफा बाजार ,बस स्टैंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकाली गयी ज्ञापन रैली गौमाता की अगुवाई में आयोजित की गयी ,जिसमे सबसे आगे गौमाता चल रही थी साथ मे सैकड़ों की संख्या में गौसेवक गौमाता बने राष्ट्र माता,गौहत्या बंद करो के नारे लगाते चल रहे थे।

### अभियान से जुड़ने के लिए चलाया था विशेष अभियान

गौसम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने के लिए विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए थे।लोगों ने बड़ी संख्या में मिस कॉल कर व्हाट्सएप व हस्ताक्षर के माध्यम से अपनी भागीदारी व समर्थन इस अभियान को दिया है , वहीं ऑनलाइन फॉर्म के जरिए भी इस मुहिम का हिस्सा बने। खास बात यह है कि इस अभियान में किसी भी प्रकार का दान या चंदा स्वीकार नहीं किया जा रहा है, और इस नाम पर धन मांगने वालों की शिकायत करने की अपील भी की गई है।

### तहसील कार्यालय में गो भक्तों ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**गोगावा, निप्र।** गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने गोवंश हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व गोसेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू करने की मांग को लेकर आज भारत वर्ष के परम पूज्यनीय संतों के मार्गदर्शन में पूरे भारत वर्ष मे चल रहे गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत सोमवार को राष्ट्रपति के नाम तहसील कार्यालय पर तहसीलदार कुणाल आवास्या को गौ भक्तो द्वारा प्रार्थना पत्र का ज्ञापन सोपा गया। वही इसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं का प्रार्थना पत्र हस्ताक्षर अभियान पत्रक के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मध्यप्रदेश के राज्यपाल मांगूभाई पटेल एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के नाम भी सौंपा गया। इसके पहले हस्ताक्षर अभियान के पत्रक एवं प्रार्थना पत्र श्री नागेश्वर महादेव मंदिर श्रीराम जी के श्री चरणों मे रख जयकारों एवं भजन कीर्तन करते हुए ढोल झाँझ एवं मृदंग के साथ सैकड़ों गोभक्त तहसील कार्यालय पहुंचे इस दौरान बड़ी संख्या मे गौ भक्त, गौ रक्षक, मातृशक्ति, हिन्दू संगठन के कार्यकर्त्ता एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे . अंत मे प्रार्थना पत्र देने आए सभी हिन्दू जनमानस का गोभक्त ने आभार भी व्यक्त किया गया।

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर विशाल रैली

**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले की कसरावद तहसील में सकल हिंदू समाज द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर एक भव्य और शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया गया। रैली बड़ी माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची।

विशेष बात यह रही कि रैली में शामिल श्रद्धालु गौ माता को साथ लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां पूरे श्रद्धा भाव के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।तहसील कार्यालय परिसर में धार्मिक माहौल के बीच समाज के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एडवोकेट अवधेश पवार ने बताया कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है,जिसके तहत अब तक लगभग



9,270 लोगों के हस्ताक्षर एकत्र किए जा चुके हैं।उन्होंने कहा कि यह ज्ञापन देश के माननीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया है, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की गई है।वहीं पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, जो देश के 36 राज्यों, 780 जिलों और करीब 5,000 तहसीलों में एक साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से गौ माता की सुरक्षा के लिए एक विशेष आयोग के गठन की मांग की, ताकि अवैध कटाई पर रोक लगाई जा सके और गौ संरक्षण को मजबूती मिल सके।रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया।

### गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग, जुटे संत

**बिस्टान, निप्र।** गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने के लिए 27 अप्रैल 2026 को देशव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत देश भर की हजारों तहसीलों में ज्ञापन सौंपे गए। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ संरक्षण हेतु कड़ा राज्य व केंद्रीय कानून बनाना और गाय को संवैधानिक रूप से 'राष्ट्र माता' घोषित कराना है।

**अभियान की मुख्य बातें, हस्ताक्षर व जनजागरण :-**



हिन्दुसमाज हिंदू गौ रक्षा सेवा समिति और अन्य संगठनों द्वारा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया जा रहा है। भगवानपुरा व देश भर की तहसीलों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिए गए। सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व : गौ भक्तों का कहना है कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का अभिन्न अंग है, इसलिए उसे माता का सम्मान मिलना चाहिए।

समर्थन : इस अभियान में साधु-संतों, सकल हिन्दू समाज और विभिन्न गौ रक्षा समितियों की भागीदारी रही।

**लक्ष्य और मांगें :-** गाय को आधिकारिक तौर पर 'राष्ट्र माता' घोषित किया जाए। गौवंश की रक्षा के लिए सख्त केंद्रीय कानून लागू हो। भारत में गौ हत्या पर पूरी तरह से रोक लगे। यह अभियान विशेष रूप से पूरे देश में बड़े स्तर पर 'गौ सम्मान आह्वान दिवस' के रूप में आयोजित किया गया।

# खतरनाक भवनों को चिह्नित करें अधिकारी

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर मित्तल ने निर्देश दिए कि शहर में पेड़ों की छंटाई, जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल की कार्रवाई, नालों की साफ-सफाई तथा जर्जर पुल-पुलियाओं की मरम्मत का कार्य जून माह के अंत तक पूर्ण किया जाए।

**उपार्जन कार्यों की समीक्षा:-** बैठक में उपार्जन केंद्रों पर छह कांटे अनिवार्य रूप से रखने, गेहूं उपार्जन के लिए हम्माल एवं तुलावटी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी केंद्रों पर छाया एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया। मंडियों में चना व्यापारियों द्वारा किए जा रहे विक्रय पर विशेष निगरानी रखने तथा सभी एसडीएम को कड़ी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। खाद्य अधिकारी को उपार्जन केंद्रवार भुगतान की स्थिति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

**जनगणना कार्यों की समीक्षा:-** बैठक में 01 मई से प्रारंभ होने वाले डोर-टू-डोर सर्वे के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए। फील्ड अमले को सुबह से दोपहर तक कार्य करने तथा सभी प्रगणक एवं प्रेक्षकों की आईडी समय पर बनाने को कहा गया।



### महिला-बाल विकास, शिक्षा व अन्य निर्देश

बैठक में पोषण वाटिका एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य पूर्ण कर शीघ्र पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 के तहत प्याऊ, नालों की सफाई एवं पौधारोपण कार्य करने, स्कूलों में पानी की टंकियों की सफाई एवं क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। धरती आभा योजना के कार्य जून अंत तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवास शीघ्र पूर्ण कराने तथा नर्मदा परिक्रमा पथ एवं पंचक्रोशी मार्ग पर पौधारोपण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन अधिकार अधिनियम के लंबित प्रकरणों, शिक्षा विभाग में माइग्रेटेड बच्चों की काउंसलिंग, महिला एवं बाल विकास योजनाओं, पराली जलाने पर सख्ती, पेयजल समस्याओं के समाधान एवं आकांक्षी ब्लॉक की नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री अनिल जैन, सभी एसडीएम एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। वही अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे।

**संबल योजना एवं राजस्व प्रकरण:-** बैठक में संबल योजना अंतर्गत 500 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों का 29 अप्रैल तक निराकरण करने के निर्देश जनपद सीईओ एवं सीएमओ को दिए गए। अनुग्रह सहायता एवं अपील प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। नामांतरण के एक माह से अधिक तथा बंटवारा-सीमांकन के पांच माह से अधिक लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए गए।

**पंचायत, ग्रामीण विकास व जल संरक्षण:-** बैठक में वृंदावन ग्राम योजना के तहत डीपीआर तैयार करने, जल गंगा जल संचय एवं संवर्धन के लंबित कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अमृत सरोवर, डगवेल, खेत तालाब एवं वाटरशेड कार्यों में तेजी लाने तथा बलराम तालाब के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। उच्च शिक्षा विभाग को सभी कॉलेजों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए।

### उर्वरक की हो व्यवस्था

बैठक में डीडीए एवं डीएमओ को जिले की मांग के अनुरूप उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जुलाई माह तक अधिक से अधिक किसानों द्वारा उर्वरक उठाव सुनिश्चित करने तथा बिना ई-टोकन ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरकों का वितरण न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया।

### खुशहाल जीवन के लिए भौतिक संसाधनों को लेकर न लें टेंशन : फरकले



**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय 'अल्पविराम' कार्यशाला का आयोजन 27 अप्रैल 2026 को जिले के झिरन्या विकासखंड स्थित जनपद सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले ने कहा कि खुशहाल जीवन के लिए भौतिक संसाधनों के पीछे तनाव पालना आवश्यक नहीं है, बल्कि आनंद हमारे भीतर ही निहित है। कार्यशाला में अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अंजु चौहान एवं पंचायत मोबिलाइज़र ब्लॉक समन्वयक श्री श्यामलाल डावर उपस्थित रहे। प्रतिभागियों का पंजीयन कर सत्रों की विधिवत शुरुआत आनंद संस्थान के परिचयात्मक वीडियो के साथ की गई। 'जीवन का लेखा-जोखा' सत्र का संचालन श्री नारायण फरकले, श्री केबी मंसारे एवं श्री आशीष गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें शांत समय में स्वयं की सहायता एवं दूसरों की मदद से जुड़े विचार साझा किए गए। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव और विचार रखे, वहीं श्री रमेश चक्रवर्ती ने अपने जीवन से जुड़ी प्रेरक घटना साझा की। रिश्तों पर आधारित सत्र श्री गणेश कानडे द्वारा लिया गया, जिसमें श्री क्षमा वास्कले, श्री पप्पू रावत, प्रोफेसर श्री रिंकु भारवे, श्री नेपालसिंह भिलाला एवं श्री अनिल जाधव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सकारात्मक दिशा एवं क्षमताओं के आकलन के लिए 30 सेकंड की मनोरंजक गतिविधि कराई गई। 'अल्पविराम' सत्र में बताया गया कि आनंद बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर है, जिसे नफरत, जलन, क्रोध, लालच, भ्रष्टाचार, बदले की भावना एवं अहंकार जैसे तत्व प्रभावित करते हैं—जिनसे बचकर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। श्री केबी मंसारे ने जिले में संचालित आनंद गतिविधियों की जानकारी देते हुए प्रत्येक पंचायत में आनंद क्लब गठन का आग्रह किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## एक नजर में

### जेआयटी बोरावां में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ वार्षिकोत्सव का समापन

# इंजीनियरिंग शिक्षा ने निमाड़ के विद्यार्थियों को दी विश्वस्तरीय पहचान : अरुण यादव

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां के 5 दिवसीय वार्षिकोत्सव विहंगम 2026 का शनिवार 25 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ ।

समारोह में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव , मप्र के पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद विधायक सचिन यादव मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं उनकी माताजी श्रीमती दमयंती यादव उपस्थित थे । उनके साथ ही नवीन शिवदासानी डायरेक्टर एचआर राकुटेन, सिम्फनी, सचिन वाणी सीनियर प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट स्पेरियंट, अनिल वास्केल एसडीओ इन्दौर नगर पालिक निगम, संदीप पाण्डे सीनियर एचआर राकुटेन सिम्फोनी, आयुष नाईक लीड एचआर राकुटेन विशेष आमंत्रित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन, वंदना एवं निमाड़ में तकनीकी शिक्षा के प्रणेता स्व. श्री सुभाष यादव के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पारंपरिक विधि विधान से हुआ । इसके उपरांत संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय



ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । वार्षिक प्रतिवेदन में डॉ. उपाध्याय ने संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट एवं सामयिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया ।डॉ. उपाध्याय ने बताया कि आज जेआयटी का 10 हजार से अधिक एलुमिनी का मजबूत नेटवर्क है जो समय समय पर संस्था के लिए समर्पित भाव से सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु सदैव तत्पर है । आज गूगल और माईक्रोसॉफ्ट जैसी विश्व स्तरीय आई.टी. कंपनियों की पहुँच निमाड़ तक हो चुकी है और उनके सहयोग से हमारे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

**पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव और पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक सचिन यादव ने दी शुभकामनाएं:-** मुख्य अतिथि एवं पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम पूर्ण करने जा रहे अंतिम वर्ष विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी ।उन्होंने कहा कि जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां द्वारा शिक्षा में नित नए आयाम रचे जा रहे हैं ।हमारा मुख्य फोकस श्रेष्ठ शिक्षा, बेहतर प्लेसमेंट एवं अनुसंधान है । आज यह संस्थान देश विदेश में अपनी पहचान बना चुका है ।संस्थान की इंजीनियरिंग शिक्षा ने निमाड़ के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाई है ।यह हमारे लिए गौरव के क्षण है । हमारा संस्थान प्रदेश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थाओं में स्थान रखता है ।आज संस्था के एलुमिलनाई हमारे साथ मंच पर उपस्थि है और उनके द्वारा यहॉ पर अध्ययन के उपरांत विभिन्न प्रतिष्ठित शासकीय एवं ख्याति प्राप्त संस्थाओं में कार्य करना हमारे लिए गर्व एवं प्रसन्नता का विषय है । पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने अपने उद्बोधन में अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने जा रहे अंतिम वर्ष विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । श्री यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इंजीनियर्स को कहा कि अपने अध्ययन के उपरांत आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ जेआयटी के साथ देश का भी नाम रोशन करें ।